## समाचार

## हनुमान मंदिर भण्डारे में शामिल हुई महापौर



कोरबा 05 अप्रैल 2015 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल बांकीमोंगरा एवं कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित भोग भण्डारा के कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होने पूजा अर्चना कर नगर के अमन चैन व आमजन की सुख समृद्धि की कामना की तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया एवं प्रसाद ग्रहण किया।

श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बांकीमोंगरा बजरंग चौक स्थित श्री बजरंग बली मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया था, इसी प्रकार कोसाबाड़ी जंगल कालोनी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में भी भण्डारे का आयोजन कराया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, उन्होने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होने भण्डारे में श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद परोसा तथा खुद भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति श्री संतोष राठौर, कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।